# चार सेक्टरों में बनेंगी फ्लैटेड फैक्ट्रियां चार सौ उद्यमी शुरू करेंगे स्टार्टअप

## नोएडा एयरपोर्ट के पास उपलब्ध कराई जाएगी सुविधा, चार हजार से ज्यादा को मिलेगा रोजगार


**माई सिटी रिपोर्टर**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण चार सेक्टरों में फ्लैटेड फैक्ट्री किराए पर उपलब्ध कराएगा। इनमें स्टार्टअप शुरू करने वाले उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। करीब 400 उद्यमी किराये पर जगह लेकर अपनी कंपनी शुरू कर सकेंगे। चारों सेक्टरों में शुरू होने वाली फ्लैटेड फैक्ट्री से करीब चार हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण इसके लिए चार मंजिला इमारतों का निर्माण कराएगा। इमारतों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद एक साल में उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

यीडा ने औद्योगिक सेक्टर-29 में 100 फ्लैटेड फैक्ट्री बनाने की योजना पर काम शुरू किया था। हाल ही में मुख्यमंत्री की ओर से इन फैक्ट्री की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके आधार पर प्राधिकरण ने अब केवल सेक्टर-29 ही नहीं बल्कि चार अन्य सेक्टरों में इस परियोजना को विस्तार देने की योजना बनाई है। सेक्टर-29 के अलावा अब सेक्टर-28, 32 और सेक्टर-33 में भी 100-100 फ्लैटेड फैक्ट्री को हरी झंडी दे दी है।

### सुविधाओं पर दिया जाएगा पूरा ध्यान

अधिकारियों के मुताबिक स्टार्टअप को बढ़ावा देने और नई कंपनियां शुरू कराने के लिए इस तरह की पहल जरूरी है। इससे कम पैसे में काम शुरू किया जा सकेगा। जबकि सुविधाएं बेहतर मिलेंगी। बिजली, पानी, पीएनजी गैस समेत तमाम सुविधाओं के कनेक्शन तैयार करके दिए जाएंगे।



### ये होती है फ्लैटेड फैक्ट्री

फैक्ट्री बनाने के लिए मोटी धनराशि चाहिए। इमारत बन जाने के बाद मेंटेनेंस के लिए भी पैसे खर्च करने होते हैं। वहीं फ्लैटेड फैक्ट्री में केवल किराया देना होता है। मेंटेनेंस और अन्य काम संबंधित संस्था का होता है। इसमें कम लागत में स्टार्टअप शुरू किया जा सकता है। आमतौर पर यह बहुमंजिला इमारत होती है। जिसमें एक ही भवन में अलग-अलग फ्लोर पर अलग-अलग कंपनियां चलती हैं।



“ प्राधिकरण की मंशा है कि बड़ी कंपनियों के साथ छोटे उद्यमी भी इकाइयां लगाएं। युवाओं को स्टार्टअप का मौका मिलेगा। अब चार सेक्टरों में फ्लैटेड फैक्ट्री बनाई जाएंगी।

**-डॉ.अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

**पहली फ्लैटेड फैक्ट्री यूपीसीडा ने की तैयार :** कासना स्थित प्रदेश की पहली फ्लैटेड फैक्ट्री का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपीसीडा में कर चुके हैं। फ्लैटेड फैक्ट्री पर 1.75 करोड़ खर्च किए गए हैं। यूपीसीडा ने साइट-5 स्थित एक्सपोर्ट प्रमोशन इंडस्ट्रियल पार्क में 2337 वर्गमीटर में फैक्ट्री बनाया है। इसमें भूतल, प्रथम व द्वितीय तल है। प्रत्येक तल पर 4853 स्क्वायर फीट के चार-चार हॉल हैं। इसमें रंगाई, लैंड स्केपिंग, जनरेटर, विद्युतीकरण आदि का काम कराया गया है। फैक्ट्री के 12 में से 4 हॉल स्टार्टअप के लिए आरक्षित हैं। 33 फीसदी उत्पाद का निर्यात करना होगा।

अब चारों सेक्टरों में चार मंजिला इमारतें बनाई जाएंगी, जिनमें 25-25 फैक्ट्री होंगी। इसमें उद्यमी अपने काम के अनुसार उसमें परिवर्तन कर सकेंगे। स्टार्टअप को इसमें काम शुरू करने की प्राथमिकता दी जाएगी। इसका किराया भी ज्यादा नहीं रखा जाएगा। इनके लिए मानक तय किए जाएंगे। जो व्यक्ति मानकों को पूरा करेगा उसी को फैक्ट्री किराये पर दी जाएगी। आवंटन ड्रॉ के जरिये किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार सौ कंपनियों का उत्पादन एक साथ शुरू कराने की योजना है।